**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 19-03-2005**

**Participants : Khanna Shri Avinash Rai**

Title: Need to pay attention by the Government on the detention of Indian citizens in Pakistani jails.

**श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर)** : महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान पाकिस्तान की जेलों में बंद भारतीयों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। पंजाब प्रान्त के कुछ लड़के पाकिस्तान की जेलों में इसलिए बंद हैं कि उनको ईरान की पुलिस ने पाकिस्तान की पुलिस को हैण्डओवर किया है। उनके ऊपर पाकिस्तान में मुकदमा चलाया गया। उन मुकदमों में उन्हें जो तीन-तीन और छः-छः महीनों की सजा हुई, वह पूरी हो चुकी है, लेकिन अभी तक उनको छोड़ा नहीं गया है। महोदय, पंजाब के ही 100 अन्य बच्चे पाकस्तान की जेलों में बंद हैं। एक साल से अधिक की उनकी सजा पूरी हो चुकी है। मेरा सरकार से निवेदन है कि इन बच्चों को पाकिस्तान से वापस लाने के लिए समुचित प्रयास किए जाएं। अभी सुनने में आ रहा है कि पाकिस्तान से कुछ लोगों को लाया जा रहा है, लेकिन उनमें कौन लोग शामिल हैं और उनको कब तक लाया जा रहा है, अगर इसकी भी जानकारी उपलब्ध करा दी जाए तो उनके परिजनों और देश की जनता को राहत मिलेगी।

MR. SPEAKER: I am sure the Government will take note of what you have said.